# अखिल भारतीय गांधर्व  महाविद्यालय मंडल

संदर्भ क्र. : 916

दिनांक 8 MAY 2026

**केवल सीधे परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए**
**नियम तथा दिशानिर्देश अप्रैल / मई 2022 परीक्षा सत्र से लागू**

**1]** दि. 27 फरवरी 2021 के कार्यकारिणी एवं प्रबंध परिषद सभा के निर्णयानुसार सीधे सम्मिलित विद्यार्थियों केलिए परीक्षा अनुसार आयु मर्यादा तय की गई है। **सीधे प्रवेशिका प्रथम तथा सीधे प्रवेशिका पूर्ण परीक्षा आवेदन भरने के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं तथा स्क्रीन टेस्ट लागू नहीं है।**

a) **सीधे प्रवेशिका प्रथम** - आवेदन पत्र भरते समय कोई आयु मर्यादा लागू नहीं । पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं तथा स्क्रीन टेस्ट लागू नहीं । Online Exam Form प्रणाली के अंतर्गत सीधे परीक्षा लिंक (Direct Exam Link) से आवेदन पत्र भर सकते हैं।

b) **सीधे प्रवेशिका पूर्ण** - पात्रता आयु 17 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। इस परीक्षा के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं तथा स्क्रीन टेस्ट लागू नहीं है। Online Exam Form प्रणाली के अंतर्गत सीधे परीक्षा लिंक (Direct Exam Link) से आवेदन पत्र भर सकते है।

**2]** सीधे प्रवेशिका पूर्ण मध्यमा प्रथम, विशारद प्रथम, अलंकार प्रथम परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरते समय (अप्रैल मई सत्र के लिए 15 जनवरी को तथा नवम्बर/दिसम्बर सत्र के लिए 16 अगस्त को) परीक्षार्थी की आयु क्रमशः 17, 18, 20, 22 वर्ष पूर्ण होनी आवश्यक है।

**a) सीधे प्रवेशिका पूर्ण - पात्रता आयु -17 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है।**
**b) सीधे मध्यमा प्रथम परीक्षा आयु -18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है।**
**c) सीधे विशारद प्रथम परीक्षा आयु- 20 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है।**
**d) सीधे अलंकार प्रथम परीक्षा आयु -22 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है।**

**3] केवल सीधे मध्यमा प्रथम ,विशारद प्रथम तथा अलंकार प्रथम परीक्षा सम्मिलित छात्रों को स्क्रीन टेस्ट लागू की गयी है।** इस स्क्रीन टेस्ट हेतू निम्नलिखित कागजात के साथ आवेदन पत्र (अर्जी) भेजने की अंतिम तिथि **अप्रैल / मई सत्र के लिए 20 दिसंबर तथा नवम्बर/ दिसंबर सत्र के लिए 5 जून होगी ।**

**4] केवल सीधे मध्यमा प्रथम, विशारद प्रथम तथा अलंकार प्रथम परीक्षा सम्मिलित छात्रों को निम्नलिखित कागजात स्क्रीन टेस्ट अनुमति हेतू मिरज कार्यालय (mirajoffice@abgmvm.org/ 0233-2222526/8126) को भेजना आवश्यक है।**

a) सीधे सम्मिलित परीक्षा के स्क्रीन टेस्ट के लिए आवेदन (अर्जी) फोन नंबर तथा ईमेल ID के साथ
b) अन्य संस्था से सांगीतिक क्षेत्र में पिछली उत्तीर्ण समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र आवश्यक (Photo Copy)
**( कृपया समकक्ष विश्वविद्यालयों की नीचे दी गई सूची देखे (Point 5)**
c) गुरु का शिफारिस पत्र अनिवार्य (Recommendation Letter from Guru / Teacher)
d) छात्र का बायो डेटा / प्रोफाइल (शैक्षिक तथा सांगीतिक क्षेत्र में उपलब्धि के बारे में जानकारी)
e) ID card / आधार कार्ड / पैन कार्ड (Photo Copy)

**5 ] सीधे मध्यमा प्रथम, विशारद प्रथम, अलंकार प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने केलिए समकक्षता सूचि निम्न प्रकार से है -**

1) इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय वैरागढ़ की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
2) प्रयाग संगीत समिति इलाहबाद समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
3) भातखंडे संगीत विद्यापीठ की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्
4) कर्नाटक सेकेंडरी एजुकेशन एक्झामिनेशन बोर्ड की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
5) H.S.C. HIGHER SECONDRY (संगीत विषय के साथ) उत्तीर्ण
6) राजा मानसिंग तोमर यूनवर्सिटी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
7) कला अकादमी गोवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
8) प्राचीन कला केंद्र - चंड़ीगढ़ की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
9) किसी भी UGC मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी का डिप्लोमा / बी.ए. या एम ए संगीत विषय के साथ डिग्री प्राप्त विद्यार्थी

रजिस्ट्रार कार्यालय : गांधर्व निकेतन, प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी, नवी मुंबई 400703.
टेली. : 022 - 27659501 **Email :** vashioffice@abgmvm.org
डेप्युटी रजिस्ट्रार कार्यालय : गांधर्व निकेतन, ब्राह्मणपुरी, मिरज 416410.
टेली : 0233 - 2222526 / 8126 **Email :** mirajoffice@abgmvm.org

# अखिल भारतीय गांधर्व  महाविद्यालय मंडल

संदर्भ क्र. : 916 दिनांक 8 MAY 2026

6] **केवल सीधे मध्यमा प्रथम छात्रों के लिए ऑनलाइन (zoom link द्वारा ) तथा विशारद प्रथम तथा अलंकार प्रथम सम्मिलित होने वाले छात्रों को केवल ऑफलाईन (वाशी, नवी मुंबई कार्यालय) पद्धति से स्क्रीन टेस्ट देनी होगी ।** इसका आयोजन वाशी नवी मुंबई कार्यालय से किया जायेगा। स्क्रीन टेस्ट अनुमति पत्र प्राप्त होने के पश्चातही तुरंत स्क्रीन टेस्ट शुल्क 3600/- ऑनलाइन पद्धति से मंडल बैंक खाते में भेजना अनिवार्य है।

7] **यह स्क्रीन टेस्ट उत्तीर्ण होने के पश्चात छात्रों को ऑनलाइन प्रणाली से सीधे परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अनुमति दी जायेगी तथा रोल नंबर प्रदान किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय सीधे परीक्षा शुल्क (Direct Exam Fees) परीक्षा नियम के अनुसार अलग से देना होगा।**

8] **स्क्रीन टेस्ट में क्रियात्मक के साथ शास्त्र विभाग की भी मौखिक रूप में परीक्षा ली जायेगी। यह स्क्रीन टेस्ट अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई के पाठ्यक्रम पर निम्नलिखित रूप में आधारित होगी ।**

a) सीधे मध्यमा प्रथम के छात्रों के लिए-
प्रारंभिक (1st Year) से लेकर मध्यमा प्रथम (4th Year) तक के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी ।

b) सीधे विशारद प्रथम के छात्रों के लिए-
प्रारंभिक (1st Year) से लेकर विशारद प्रथम (6th Year) तक के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

c) सीधे अलंकार प्रथम के छात्रों के लिए-
प्रारंभिक (1st Year) से लेकर अलंकार प्रथम (8th Year) तक के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

**9]** मौखिक परीक्षा (Viva) (1 घंटा) तथा मंच प्रदर्शन (20 से 30 मिनिट) आवश्यक रहेगा। केवल स्क्रीन टेस्ट के छात्रों को साथसंगत के लिए इलेक्ट्रोनिक वाद्य कि अनुमती दी गई है। परन्तु कोई तकनिकी खराबी के कारण प्रस्तुति में कोई बाधा आति है और मुल्यांकन पर इसका प्रभाव होता है तो मंडल इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**10]** इस स्क्रीन टेस्ट में छात्र अगर उत्तीर्ण होता है तो इस स्कीन टेस्ट का परिणाम केवल उसी सत्र के लिए लागू होगा जिस सत्र के लिए छात्र ने सीधे परीक्षा सम्मिलित होने के लिए आवेदन दिया था।

**11]** स्क्रीन टेस्ट में जो छात्र अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित है उन्हें कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा स्क्रीन टेस्ट **शुल्क रु. 3600/-** वापस नहीं किया जायेगा।

**12]** जो परीक्षार्थी स्क्रीन टेस्ट में उत्तीर्ण नहीं होंगे, उन्हें अगले तीन वर्षों तक पुनः स्क्रीन टेस्ट में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**13]** अ.भा.गांधर्व महाविद्यालय की विशारद पूर्ण गायन में उत्तीर्ण विद्यार्थी कोई भी स्वर वाद्य लेकर सीधे विशारद प्रथम में अनुमति दी जा सकती है । उसी प्रकार कोई स्वर वाद्य लेकर मंडल की विशारद पूर्ण उत्तीर्ण करनेवाला विद्यार्थी को गायन विषय लेकर विशारद प्रथम में बैठने की अनुमति दी जा सकती है। मंडल विशारद पूर्ण परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को स्क्रीन टेस्ट लागू नहीं होगी।

**14]** अ.भा.गांधर्व महाविद्यालय की विशारद पूर्ण तबला विषय में उत्तीर्ण विद्यार्थी कोई भी पखावज/मृदंग विषय लेकर सीधे विशारद प्रथम में अनुमति दी जा सकती है । उसी प्रकार कोई पखावज/मृदंग विषय लेकर मंडल की विशारद पूर्ण उत्तीर्ण करनेवाला विद्यार्थी को तबला विषय लेकर विशारद प्रथम में बैठने की अनुमति दी जा सकती हैं। मंडल विशारद पूर्ण परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को स्क्रीन टेस्ट लागू नहीं होगी।

रजिस्ट्रार
अ.भा.गां.म.वि.मंडल मुंबई

रजिस्ट्रार कार्यालय : गांधर्व निकेतन, प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी, नवी मुंबई 400703.
टेली. : 022 - 27659501 **Email :** vashioffice@abgmvm.org
डेप्युटी रजिस्ट्रार कार्यालय : गांधर्व निकेतन, ब्राह्मणपुरी, मिरज 416410.
टेली : 0233 - 2222526 / 8126 **Email :** mirajoffice@abgmvm.org